पंजाब केसरी
TUE,22 NOVEMBER 2022
EDITION: GURGAON KESARI, PAGE NO. 1

प्रचंड सफलता संग इंडस्ट्रियल एक्स्पो-2022 संपन्न: आईडीए

छोटे-बड़े प्रतिभागियों को मिला वर्क ऑर्डर, नए अवसर की जगी उम्मीद

गुड़गांव, 21 नवम्बर (ब्यूरो): गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एक्स्पो-2022 का समापन हो गया। यह आयोजन बीते 2 दिनों से सेक्टर-37 औद्योगीक क्षेत्र सेक्टर-37 की इलेक्टिड टीम आईडीए द्वारा करवाया गया।

गत दिवस इस आयोजन का अंतिम दिन था जिसमे शिपिंग इंडस्ट्री में वर्ल्ड की थर्ड लार्जेस्ट कंपनी एशिया शिपिंग कंपनी के कंट्री हेड पुष्पेंद्र प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जबकि विशिष्ठ अतिथि में रूप में पॉल्यूशन डिपार्टमेंट के रिजिनल ऑफिसर कुलदीप शामिल रहे।

एक्सपो समापन के बाद मंच पर उपस्थित अतिथि।

जिले में पहली बार आयोजित किए गए इस 2 दिवसीय कार्यक्रम में 5000 से अधिक उधमियों ने आयोजित प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। आयोजन के अंत तक यह आंकड़ा 8000 के पार हो चुका था। प्रदर्शनी में भाग लेने वाली कंपनियों के उत्साह देखने योग्य था। सभी को उम्मीद से ज्यादा व्यापार के वर्क ऑर्डर मिले। प्रदर्शनी में गुरुग्राम की ही नही बल्कि दिल्ली एनसीआर व देश के अलग अलग राज्यो के लगभग 120 उधमियों ने अपने उद्योगों ने प्रदर्शनी लगाई। आयोजन कमेटी से आईडीए अध्यक्ष के के गांधी ने इस सफलतम आयोजन के लिए अपनी पूरी टीम की प्रशंसा की। उन्होने विश्वास दिलाया कि दोबारा फिर से इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में आई भारतीय रेलवे की वेंडर डेवलोपमेंट टीम व जेबीएम ग्रप व कई अन्य बड़े इंडस्ट्रियल ग्रूप ने अपने साथ जोड़ने के लिए आमंत्रित किया है। ज्ञात हो कि बीते लंबे समय से इस तरह के आयोजन की मांग की जा रही थी। जिसे आईडीए टीम व नेशनल ह्यूमन वेलफेयर कॉउंसिल के संयूक्त प्रयासों से सफलता मिली। आयोजन के मुख्यातिथि पुष्पेंद्र प्रताप सिंह व कुलदीप कुमार व आयोजन कमेटी से केके गांधी, गुंजन मेहता, जगत पाल सिंह व टीम ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।